RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 117 • 10:05:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## चंद्रमा पर बड़ी तैयारी, अब असंभव भी होगा संभव

### चांद से एक बार फिर आई बड़ी खुशखबरी, ट्रेन चलाएगा नासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले कुछ वर्षों से चांद पर असंभव जैसे प्रोजेक्ट कामयाब हुए हैं। इसरो ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग कराकर इसका सबसे ताजा उदाहरण पेश किया है। चांद पर पिछले कुछ सालों में तमाम देशों की दिलचस्पी भी बढ़ी है और सक्रियता भी। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा चांद पर असंभव जैसा मिशन पूरा करने में लगा है। नासा अगर कामयाब हो गया तो चांद पर इंसानों की चहल-कदमी मुमकिन हो पाएगी। नासा चांद पर रेलवे लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। नासा का चंद्रमा एक्सप्रेस मिशन अभी कितना तक पहुंचा जानते हैं। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा चंद्र एक्सप्रेस को मुमकिन करने में जुटी है। नासा का यह प्रोजेक्ट हालांकि अभी किसी साइंस फिक्शन जैसी फिल्म जैसा लगता है और यकीन मानिए कि अभी यह नामुमकिन जैसा भी है लेकिन, नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले कुछ दशकों में वह ऐसा कर पाएगी। काल्पनिकता को वास्तविकता के चोले में आमादा नासा की टीम चांद पर रेलवे लाइन के लिए फंड भी जुटा रही है।

नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर यह संभव हो गया तो यह मानव जाति के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। अपनी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के बारे में बोलते हुए, नासा के वैज्ञानिक जॉन नेल्सन इसे विज्ञान का चमत्कार मानते हैं। उनके अनुसार, इस मिशन के साकार होने की कोई गारंटी नहीं है लेकिन, भविष्य में चांद पर रेल परियोजना किसी दिन एयरोस्पेस मिशन का हिस्सा बन सकती हैं। इस प्रोजेक्ट में चांद पर रेलवे लाइन बिछाने के अलावा मंगल ग्रह पर इंसानों और माल के ट्रांसफर के लिए अत्याधुनिक प्रणाली विकसित करना है। नासा की ये परियोजनाएं इनोवेटिव एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स (एनआईएसी) कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इस तरह की कुल छह परियोजनाएं चल रही हैं।

## लालू यादव को हरा चुके रंजन यादव लालटेन के साथ

- बोले-इस बार लालटेन की लहर है, सांसद मनोज झा ने दिलाई सदस्यता

**पटना (एजेंसी)।** पूर्व सांसद रंजन यादव गुरुवार को आरजेडी में शामिल हुए हैं। नीतिश कुमार को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा सांसद मनोज झा ने आरजेडी कार्यलय में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई है। पार्टी की सदस्यता लेते ही रंजन यादव ने लालू प्रसाद यादव की जमकर तारीफ की।



उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद का डिमांड लोकसभा चुनाव में हर राज्यों में होती थी। देश के चार-चार प्रधानमंत्री के साथ लालू प्रसाद यादव ने काम किया है। वे लालू प्रसाद यादव को अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बुलाते थे। वह पाटलिपुत्र से भी सांसद रह चुके हैं। जब उसको लेकर उनसे सवाल किया गया कि इस बार वहां पर कौन जीत रहा है तो उन्होंने कहा कि इस बार लालटेन की लहर है।

## चीन का जला श्रीलंका अब आया पुराने दोस्त के पास

- भारतीय कंपनी को मिली एक और बड़ी डील, ड्रैगन को भारत का जवाब

**कोलंबो (एजेंसी)।** इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट में फंसने के बाद श्रीलंका को समझ आ गया है कि चीन की दोस्ती उसके लिए खतरनाक है। यही वजह है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे द्वीपीय देश को फिर से पुराने सहयोगी और पड़ोसी भारत के करीब लेकर आ रहे हैं। श्रीलंका की विक्रमसिंघे सरकार महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग को बढ़ावा दे रही है। श्रीलंका की सरकार ने हाल ही में भारत की अडानी ग्रीन एनर्जी के साथ 20 साल के बिजली खरीद समझौते को मंजूरी दी है। इसमें मन्नार और पूनेरिन में 484 मेगावाट के दो पवन ऊर्जा स्टेशन की स्थापना के लिए 44.2 करोड़ डॉलर का निवेश शामिल है।

## इजराइल राफा में घुसा तो अमरीका नहीं देगा हथियार

- राष्ट्रपति बाइडेन ने धमकाया, 2 हजार पाउंड के बमों की एक खेप रोकी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** बाइडेन ने नेतन्याहू को चेतावनी दी है कि अगर इजराइली सैनिक राफा में घुसे तो वे इजराइल को दिए जाने वाले हथियारों की सप्लाई रोक देंगे। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन ने कहा है कि इजराइल को राफा में मिलिट्री ऑपरेशन और अमेरिकी हथियारों



के बीच किसी एक को चुनना होगा। अमेरिका अब तक इजराइल को दिए जाने वाले हथियारों की एक खेप को रोक चुका है। एजेंसी के मुताबिक 2 हजार पाउंड के बमों की एक खेप इजराइल भेजी जानी थी। जिसे पिछले हफ्ते रोक दिया गया। पिछले 7 महीनों से जारी जंग के बीच ऐसा पहली बार हुआ। एजेंसी से बात करते हुए बाइडेन ने माना कि अमेरिका के हथियारों से गाजा में आम नागरिकों की मौत हुई है। अमेरिका का मानना है कि इजराइल अमेरिका से मिलने वाले बमों का इस्तेमाल राफा के रिहायशी इलाकों में नहीं करेगा।

## हरियाणा में फंसी बीजेपी, कांग्रेस ने गवर्नर से मांगा मिलने का समय

- जजपा ने भी फ्लोर टेस्ट के लिए पत्र भेजा, मुश्किल में सरकार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में 3 निर्दलीय विधायकों द्वारा भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद कांग्रेस पार्टी ने गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय से मिलने के लिए समय मांगा है। पार्टी का कहना है कि नायब सिंह सैनी की अगुआई वाली राज्य सरकार बहुमत खो चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राज्यपाल से 10 मई को मिलने का टाइम मांगा गया है। उधर, भाजपा की पूर्व सहयोगी पार्टी जननायक जनता पार्टी ने भी राज्यपाल को लेटर लिखकर सैनी सरकार के फ्लोर टेस्ट की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने गुरुवार को गवर्नर को पत्र लिखा। चौटाला ने कहा कि अगर बहुमत नहीं तो तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। उन्होंने भाजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग के भी आरोप लगाए। भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार में दुष्यंत साढ़े 4 साल डिप्टी सीएम रहे। इस बीच भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने वाले पुंडरी से विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर और चरखी दादरी से विधायक सोमवीर सांगवान ने गवर्नर को समर्थन वापसी का पत्र सौंप दिया है। इससे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार अल्पमत में आ गई है। इस बारे में दुष्यंत चौटाला ने कहा-2 महीने पहले बनी सरकार अल्पमत में चली गई है। उनको सपोर्ट करने वाले 1 भाजपा और एक निर्दलीय ने इस्तीफा दे दिया। 3 निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया है। जजपा ने खुलकर कहा है कि अगर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आता है तो हम उसका समर्थन करेंगे। इसके लिए हमने गवर्नर को लिखित तौर पर भेजा है। जिसमें मांग की है कि संविधान के अनुसार फ्लोर टेस्ट की पावर गवर्नर के पास है। वह सरकार को सदन में बुलाकर फ्लोर टेस्ट के लिए आदेश दें।

## काशी में नामांकन से पहले पीएम मोदी करेंगे भव्य रोड शो

### 13 मई को दिखेगी 'मिनी इंडिया' की झलक, शुरू हुई तैयारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से बीजेपी के सांसद प्रत्याशी हैं। वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन भरने से पहले पीएम मोदी रोड करेंगे। इस रोड शो का पूरा रोड मैप आ गया है। इस रोड शो के रोड मैप विशेष तौर पर तैयार किया गया है। 13 मई को होने वाले इस रोड शो में मिनी इंडिया की झलक देखने को मिलने वाली है। इस रोड की आधाकारिक पुष्टि बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल की ओर से की गई है। पीएम मोदी 13 मई को रोड शो करेंगे और उसके अगले दिन यानी 14 मई को वाराणसी संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। गंगा किनारे बसे महादेव के इस शहर काशी में मोदी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए एक बार फिर जनता के नजदीक जाकर उनसे मिलेगें। इसको लेकर रोड शो का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इस रोड की जिम्मेदारी सुनील बंसल को दी गई है।

## पीएम आपका और संघ भी साथ, देखते हैं क्या कर लोगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नवनीत राणा ने तेलंगाना में '15 सेकेंड' के लिए पुलिस हटाने की बात कहते हुए ओवैसी ब्रदर्स को चुनौती दी थी। उनके बयान पर अब ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ ओवैसी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री भी आपके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



भी आपके साथ है। देखते हैं 15 सेकेंड में क्या कर लेते हो। ओवैसी ने कहा, मैं मोदी जी से कहता हूं कि उन्हें 15 सेकेंड दीजिए। एक घंटा दीजिए। आप क्या करेंगे। जैसा मुख्तार अंसारी के साथ किया वैसा ही करेंगे। हम भी देखना चाहते हैं कि क्या आपमें थोड़ी भी इंसानियत बची है। कौन डरता है, हम तैयार हैं। अगर कोई इसके लिए खुला आह्वान कर रहा है तो ऐसा होने दें। पीएम आपका है, आरएसएस भी आपका है। सब कुछ आपका है। आपको कौन रोक रहा है। हमें बताओ कि हमें कहां आना है।

## संदेशखाली में महिला का यूटर्न, बंगाल में फिर 'उबाल'

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की तीन महिलाओं में से एक ने टीएमसी नेता के खिलाफ रेप का केस वापस ले लिया है। इस मामले ने बंगाल की राजनीति में उबाल ला दिया था। उत्तर 24 परगना जिले के शाहजहां शेख पर आरोप था कि उसने कई मामलों का यौन उत्पीड़न किया है और उनकी जमीनों पर भी कब्जा किया है। इस मामले पर भाजपा ने टीएमसी को जमकर घेरा था। यही नहीं लोकसभा चुनाव में भी यह मुद्दा बना हुआ है। ऐसे में एक महिला का यूटर्न लेना चौंकाने वाला है। महिला ने कहा कि मेरा यौन उत्पीड़न नहीं हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार महिला ने कहा कि मुझे भाजपा के लोगों ने सादे कागज पर साइन कराए थे और पुलिस को शिकायत कर दी थी। यही नहीं शिकायत वापस लेने वाली महिला ने संदेशखाली पुलिस थाने में एक केस भी दर्ज कराया है। इस एफआईआर में उसने आरोप लगाया है कि उसे धमकियां मिल रही हैं।

## मैं शरद पवार का बेटा नहीं हूं, इसलिए नहीं मिला मौका

- भतीजे अजित पवार का बड़ा दावा, आंखों से छलका दर्द

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार के बेटे नहीं हैं इसलिए उन्हें राजनीतिक अवसर नहीं मिला। राकांपा नेता



अजित ने कहा कि 80 साल की उम्र के बाद नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने शरद पवार के इस बयान पर कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ बातचीत हुई थी लेकिन उसके साथ जाने के संबंध में बातचीत नहीं हुई थी, कहा कि कम से कम उन्होंने यह तो स्वीकार किया कि बातचीत हुई थी। अजित पवार ने साथ ही कहा कि वे बातचीत के साक्षी हैं। पिछले साल जुलाई में अजित एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गए।

## केजरीवाल को पहली बार आरोपी बनाने जा रही ईडी

- एएपी चीफ की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, जमानत पर भी असर

नई दिल्ली (एजेंसी)। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में शुक्रवार को चार्जशीट दायर कर सकता है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि पहली बार केजरीवाल को आरोपी बनाया जाएगा। केजरीवाल के खिलाफ दायर होने जा रही चार्जशीट की टाइमिंग काफी अहम है। ईडी ऐसे समय पर दिल्ली के मुख्यमंत्री को आरोपी बनाने जा रही है जब शुक्रवार को ही सुप्रीम कोर्ट में उनकी अंतरिम जमानत पर फैसला होने जा रहा है। देश की सबसे बड़ी अदालत गिरफ्तारी को दी गई चुनौती पर भी सुनवाई करेगी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही करार दिया था। 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को अभी तक आरोपी नहीं बनाया गया है। सूत्रों का कहना है कि ईडी ताजा चार्जशीट में केजरीवाल समेत कुछ अन्य



लोगों को आरोपी बना सकती है। यह भी बताया गया है कि केजरीवाल को मुख्य साजिशकर्ता के रूप में पेश किया जाएगा। इससे पहले भी कोर्ट में मौखिक रूप से ईडी के वकील केजरीवाल को मुख्य साजिशकर्ता और सरगना बता चुके हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया जाता है तो जल्द ही आम आदमी पार्टी को भी अभियुक्त बनाया जा सकता है, जिसके वह प्रमुख हैं। यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल को मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी बनाया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो यह आम आदमी पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका होगा।

## तेलंगाना में इनवेस्ट करना चाहते थे एलन मस्क

- पीएम मोदी और शाह ने रोका, सीएम रेड्डी का आरोप

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बड़ा दावा किया है कि एलन मस्क की कंपनी टेस्ला तेलंगाना में निवेश करना चाहती थी लेकिन, पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें ऐसा करने से रोका। रेड्डी ने कहा कि शाह और मोदी ने मस्क की कंपनी को गुजरात में इनवेस्ट करने का दबाव डाला। इंडिया टुडे टीवी को दिए इंटरव्यू में कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि फॉक्सकॉन और टेस्ला को तेलंगाना छोड़ने के लिए केंद्र की तरफ से दबाव डाला गया था। रेड्डी ने सवाल किया कि क्या तेलंगाना भारत का हिस्सा नहीं है। वे (टेस्ला) तेलंगाना में निवेश करना चाहते थे, लेकिन ऐसा होने नहीं दिया। हम जानते हैं कि कंपनी से कैसे बात करनी है। मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा हूं। रेड्डी ने कहा, वो सोचते हैं केवल गुजरात ही भारत है। ऐसा नहीं है।

### जनसंख्या विवाद

## देश को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहती है कांग्रेस

### जल्द लागू हो जनसंख्या नियंत्रण कानून, आबादी वाली रिपोर्ट पर हंगामा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में हिंदुओं की घटती और मुस्लिमों की बढ़ती आबादी को लेकर प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पर जमकर सियासी बयानबाजी हो रही है। बीजेपी के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने कहा है कि कांग्रेसियों ने देश को धर्मशाला बना दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि वे भारत को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं। वहीं, बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस रिपोर्ट को देश की जनता को भ्रम में डालने वाला और नफरत फैलाने वाला करार दिया है। इस रिपोर्ट पर



प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा, कांग्रेस ने देश को धर्मशाला बना दिया है। वे भारत को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं। भारत में 1947 में हिंदुओं की आबादी लगभग 90 प्रतिशत थी। आज हम सिर्फ 70 प्रतिशत पर आ गए। मुसलमानों की आबादी भारत में 20 प्रतिशत हो गई है, जो पहले सिर्फ आठ प्रतिशत थी। देश में बांग्लादेशी घुसपैठिए आए हैं। रोहिंग्या को वोटबैंक बना दिया गया है। इसलिए ये लोग मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। इस रिपोर्ट पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, जो जनगणना 2021-22 में होना था वे 2024 तक नहीं हुआ। ये केवल देश की जनता को भ्रम में डालना और लोगों में नफरत फैलाने की बात कह रहे हैं। पीएम और भाजपा का यही एजेंडा है, ये फिर से लोगों को ठगना चाहते हैं। वहीं, भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने बताया कि वह इस रिपोर्ट को पढ़ने के बाद से आहत हो गए हैं। उन्होंने कहा, इस देश में तत्काल प्रभाव से जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना चाहिए। जब-जब हिंदू घटा है तो देश बंटा है। 4 बीबी और 40 बच्चे इस देश नहीं चलेगा। भारत में 1950 से 2015 तक 65 वर्षों के अंतराल में बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में हिंदुओं की हिस्सेदारी में 6 फीसदी की गिरावट आ गई है।

### पराली जलाने वाले किसानों के लिए बुरी खबर

## केंद्र सरकार ने एमएसपी पर ले लिया है अब बड़ा फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के द्वारा साल 2023 में सुनाए गए एक फैसले का हवाला देते हुए केंद्र सरकार ने खेतों में पराली जलाने वाले किसानों को इस साल से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देने से वंचित करने के लिए राज्य की सरकारों को पत्र लिखा है। केंद्र ने जिन राज्यों को यह चिट्ठी लिखी है उनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान शामिल है।

केंद्र ने इन राज्यों को मुख्य सचिवों को इसे लागू करते हुए जल्द ही स्टेटस रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। इकोनॉमिक टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। आपको बता दें कि पराली जलाने वाले किसानों को खिलाफ फाइन और सजा के प्रावधान सियासी तौर पर काफी जटिल हैं। सरकारें अपनी सियासी हितों को ध्यान में रखते हुए पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई से परहेज



करती रही है। बीते 10 अप्रैल को सचिवों की समिति की एक बैठक हुई। इस बैठक में केंद्र सरकार ने पराली के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कार्ययोजना तैयार की। इसरो प्रोटोकॉल के तहत पराली जलाने वाले किसानों को एमएसपी से प्रतिबंधित किए जाने का फैसला किया।

# उजियारपुर में हैट्रिक बनाने और रोकने की लड़ाई नित्यानंद राय और आलोक मेहता में दूसरी बार भिड़ंत्त

**उजियारपुर, एजेंसी।** करीब 16 साल पहले परिसीमन से उपजे उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र को मसाला उत्पादन के मामले में 'मिनी केरल' कहा जाता है। इस इलाके में हल्दी, धनिया, लहसुन, मिर्चा, आजवाइन की खेती होती है। आलू और ओल के अलावा सब्जी उत्पादन में भी यह इलाका प्रदेश में अपनी पहचान रखता है। तंबाकू की भी खेती होती है। मक्के की फसल भी खूब लहलहाती है। क्षेत्र की सड़कें इलाके में हुए विकास को बयां कर रही हैं। हाजीपुर-बछवाड़ा फोरलेन का काम जारी है। इसके पूरा होने से इलाके के लोगों को और सुविधा होगी। समय कम लगने के साथ ही दूरी भी कम हो जाएगी। उजियारपुर की एक और पहचान यह भी है कि इस सीट से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और देश के गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय चुनावी मैदान में हैं। उनको राजद नेता और पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता कड़ी टक्कर दे रहे हैं। एक ओर नित्यानंद राय जीत की हैट्रिक लगाने के लिए धुआंधार प्रचार और जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं तो दूसरी ओर आलोक कुमार मेहता का प्रयास है कि वे इस बार उजियारपुर में अपना खाता खोल लें। अब तक वे दो बार चुनाव हार चुके हैं। हार की हैट्रिक न लगे, इसके लिए वे भी समर्थकों के साथ दिन-रात प्रचार करने में जुटे हैं। उजियारपुर में कोइरी और यादव मतदाताओं की संख्या अधिक है। मतदान 13 मई को होना है। धमौन के मोहन यादव कहते हैं कि एनएच 122 का निर्माण हो रहा है। हाजीपुर-बछवाड़ा रेल खंड का दोहरीकण व विद्युतीकरण हो गया है। पत्थरघाट के संतोष कुमार राजनीतिज्ञों से ही नाराज दिखते हैं। कहते हैं कि समय आएगा तो किसी न किसी को वोट दे देंगे। जीते कोई, फिर हमसे मिलने तो पांच साल के बाद ही आएगा। बढ़ौना तरी मुसहरी के सिंघेश्वर सदा का घर फोरलेन ने छीन लिया। फिर भी वे संतुष्ट हैं। पांच किलो अनाज मिल





रहा है। घर में रसोई गैस है। वृद्धावस्था पेंशन भी मिल रही है। इनकी बस एक ही गुजारिश है कि आवास योजना में कमीशनखोरी बंद हो। कल्याणपुर गंज के रामाशीष राय कहते हैं कि अगर जनप्रतिनिधि की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होती है तो गर्व होता है। विभूतिपुर के श्याम गुप्ता सिर्फ इतना कहते हैं कि इस क्षेत्र का अजब ही हाल है। मतदान के एक दिन पहले ही यह तय हो सकेगा कि किसे वोट करना है या नहीं। दाहू चौक पर गुमटी चला रहे विक्रम कुमार कहते हैं कि किसे पता नहीं है कि किसकी लहर चल रही है। उजियारपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें तीन एनडीए तो तीन इंडिया गठबंधन के विधायक हैं। पातेपुर (सुरक्षित) विधानसभा सीट वैशाली जिला में है। बाकी पांचों विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर जिले में है। पातेपुर से भाजपा के लखेंद्र रौशन, सरायरंजन से जदयू के वरिष्ठ नेता व मंत्री विजय कुमार चौधरी और मोहिउद्दीनगर से भाजपा के राजेश कुमार सिंह विधायक हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन में उजियारपुर से राजद के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे आलोक कुमार मेहता, मोरवा से राजद के रणविजय साहू और विभूतिपुर से सीपीएम के अजय कुमार विधायक हैं।

### पांच साल में नोटा की संख्या दोगुनी हुई

2014 के चुनाव में सिर्फ 6171 लोगों ने नोटा को वोट दिया था। लेकिन 2019 में नोटा दबाने वालों की संख्या 14434 हो गई। इस कारण नोटा दबाने वालों की संख्या छठे पायदान से घटकर पांचवें पायदान पर आ गई।

### उजियारपुर के अहम मुद्दे

- हर खेत के लिए सिंचाई की सुविधा
- फसलों के भंडारण की सुविधा
- महादलित टोलों में बांस-बल्ला के बदले पोल से बिजली कनेक्शन
- मुख्य सड़क से दलित टोला में सड़क का संपर्क हो
- गरीबों को सरकारी आवास की सुविधा मिले।

### इस बार 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

इस बार के लोकसभा चुनाव में उजियापुर सीट पर 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा से नित्यानंद राय, आरजेडी से आलोक कुमार मेहता, बसपा के मोहन कुमार चौधरी के अलावा अंशु कुमार, निक्की झा, मनोज कुमार, रामपुकार राय, संतोष राय, अमरेश राय, किशोर कुमार, नारेन्द्र गिरी, राकेश कुमार और संजय पासवान हैं। राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता का कहना है कि बेराजगारी, गरीबी उन्मूलन, आम आदमी की नागरिक सुरक्षा, संविधान बचाओ के मसले पर हम चुनाव लड़ रहे हैं। 17 महीने में तेजस्वी यादव ने ट्रेलर दिखाया है। लड़ाई उजियारपुर की जनता और भाजपा के बीच है। भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय का कहना है कि पीएम के नेतृत्व में देश-प्रदेश का विकास हुआ है। उजियारपुर में घर-घर विकास की गंगा पहुंची है। लोग इसे महसूस कर रहे हैं। जनता विकास चाहती है। इस कारण लोगों के मन में पीएम मोदी बसे हुए हैं। इस बार भी लोग मोदीजी को ही वोट करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बेतिया समेत 6 जिलों में झमाझम बारिश..19 में ऑरेंज अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** भीषण गर्मी और हीट वेव के बाद पिछले दो दिनों से बिहार का मौसम बदला हुआ है। बेतिया, बेगूसराय, सीतामढ़ी, मुंगेर, छपरा में सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। मधेपुरा में बूंदाबादी हो रही है। जिसके बाद यहां का तापमान 40 डिग्री के नीचे आ गया है। इधर, राजधानी पटना में सुबह से ही काले बादल छाए हुए है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक घंटे में यहां बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के 19 जिलों में बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें कटिहार, पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली,समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी शामिल है।

**13 मई तक फिलहाल गर्मी से राहत :** मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त पुरवा हवा का प्रवेश बिहार में उत्तर-पूर्वी भाग से हुआ। इसका प्रभाव 13 मई तक रहेगा। जिसके कारण से लोगो को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

### डोर-टू-डोर शराब पहुंचाने के दौरान दो डिलिवरी बॉय गिरफ्तार



**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा में उत्पाद विभाग ने अलग-अलग टीम बनाकर नगर परिषद क्षेत्र के कई मोहल्ले में छापेमारी की। इस दौरान 4 बोतल विदेशी शराब के साथ 2 डिलिवरी बॉय को गिरफ्तार किया। छापेमारी का नेतृत्व प्रभारी उत्पाद अधीक्षक सह उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि एक आरोपी टोटियां पहाड़ मोहल्ला निवासी मनोज महतो है और दूसरा जमालपुर मोहल्ला निवासी नरेश चौधरी का बेटा रजनीश कुमार है। इनके पास से दो-दो विदेशी शराब की बोतल बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ स्थानीय उत्पाद थाना की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा प्रभारी उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवक घर पर जाकर शराब देते थे। इनको कई बार पकड़ने की कोशिश की गई लेकिन बच जा रहे थे।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक में लगी आग दो दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

**बिहटा-सरमेरा रोड के कथराही मोड़ के पास हादसा**



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में बुधवार की रात अचानक आग लग गई। मामला बिन्द थाना इलाके के एनएच 78 बिहटा-सरमेरा 2 लेन के कथराही मोड़ के पास की है। अगलगी के कारण ट्रक का अगला हिस्सा केबिन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। लोगों ने बताया कि कथराही मोड़ के समीप ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी। तभी अचानक ट्रक से आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने टोल फ्री नंबर 101 पर घटना की जानकारी दी। इसके बदा रहुई थाना एवं सरमेरा थाना में तैनात दमकल की गाड़ियां पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद आग पर काबू पाया गया। ट्रक कथराही निवासी रामगुलाम तांती का का है। इस मामले में कथराही निवासी गनौरी यादव ने अग्निशमन पदाधिकारी को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया है कि उनके ऑफिस के सामने ट्रक लगी हुई थी जिसमें अचानक देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। ट्रक मालिक फिलहाल कलकत्ता में हैं। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत वह लौट रहा है। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि ट्रक कई दिनों से सड़क किनारे खड़ी थी। जिसमें अचानक बुधवार की रात आग लग गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रक मालिक उसे बेचने के प्रयास में लगा हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह बताई जा रही है।




## नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई, सारण के अमनौर थाने का मामला**

**छपरा, एजेंसी।** सारण के अमनौर थाने की पुलिस ने जाली नोट छापने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि अमनौर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि सलखुआ गांव में बच्चा तिवारी के घर में की लोग जाली नोट बनाने का कारोबार करते है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए टीम बनाकर संयुक्त रूप से छापेमारी की गई।इस दौरान 46,500 रुपए के जाली नोट, 86,000 रुपए के असली नोट, कागज का बंडल, प्रिंटर, इंक, लैपटॉप, मोबाइल,चेक बुक, 59 लोगों का आधार कार्ड, 1 बाइक और 1 कार को बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों में धीरज कुमार सिंह, पिंटू तिवारी, पवन कुमार मांझी और बच्चा तिवारी शामिल है।

## गया में 5वीं के छात्र की हत्या..ट्रैक पर मिला शव

**स्कूल संचालक ने फोन कर कहा-मिहिर भाग गया, सिर-हाथ में चोट के निशान; पिता बोले-मारकर फेंका**



**गया, एजेंसी।** गया में 5वीं क्लास के एक छात्र की हत्या कर दी गई। 12 साल के मिहिर कुमार का शव किउल रेल खंड पर रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। मिहिर रोज की तरह बुधवार को स्कूल बस से इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल गया था, लेकिन उसके बाद नहीं लौटा। परिजनों ने जब उसकी खोजबीन की तो स्कूल संचालक रविश कुमार ने बताया गया कि मिहिर स्कूल से भाग गया है। काफी खोजबीन के बाद स्कूल से 5 किमी की दूरी पर मनैनी और अढ़वां के बीच रेलवे ट्रैक पर बच्चे का शव मिला। उसके सिर और हाथ पर चोट के कई निशान भी मिले हैं। बच्चे की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हालांकि, बच्चे की मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इसका खुलासा हो पाएगा। वहीं, परिजनों का आरोप है कि इस घटना के पीछे रविश कुमार का हाथ है। उसी ने बच्चे की हत्या कर शव को ट्रैक पर फेंक दिया है। इधर, घटना के बाद रविश कुमार फरार है। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र की है।

### संचालक ने गुमराह किया:परिजन

मिहिर के पिता ने बताया कि दोपहर 12.30 में स्कूल से फोन आया कि बच्चा भाग गया है। हम स्कूल पहुंचे तो हमें घंटों गुमराह किया गया। पहले स्कूल संचालक रविश कुमार ने बताया कि बच्चे को ईचुआ की तरफ देखा गया। उधर ढूंढा तो वह नहीं मिला। फिर उसने बताया कि मनैनी की तरफ देखा गया। परिजन उसे सभी जगह ढूंढते रहे। इसी बीच मनैनी की तरफ रेलवे ट्रैक के किनारे उसका शव पड़ा हुआ मिला। काफी खोजबीन के बाद स्कूल से 5 किमी की दूरी पर मनैनी और अढ़वां के बीच रेलवे ट्रैक पर बच्चे की लाश मिली। वजीरगंज थानाध्यक्ष मुन्ना वर्मा कहा कि स्कूल संचालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल बच्चे की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं मिली है।

### इकलौता बेटा था मिहिर, हाथ और सिर पर चोट के निशान

मिहिर कुमार उर्फ वीर वजीरगंज बाजार निवासी विकास कुमार गुप्ता का इकलौता बेटा था। एक छोटी बहन है, जो 7 साल की है। इकलौता बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बच्चे के सिर और हाथ पर चोट के निशान थे। जब छात्र की बॉडी मिली तो उसे सीएचसी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता विकास कुमार का मानना है कि स्कूल संचालक ने ही उसके बेटे की हत्या कर रेलवे ट्रैक के किनारे शव को फेंक दिया है।

### स्कूल संचालक के खिलाफ केस दर्ज

मृतक के पिता विकास कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि वीर इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल में 5 वीं कक्षा का मेरा बेटा छात्र था। रोज की तरह वह स्कूल बस से गया था। स्कूल में 11 बजे छुट्टी होती है। स्कूल बस से ही घर लौटता था। 11 बजे के बाद जब वह नहीं लौटा तो कुछ देर इंतजार करने के बाद स्कूल पहुंच कर पूछताछ की, लेकिन स्कूल संचालक उसे गुमराह करता रहा।


# मल्लिकार्जुन खड़गे समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में 11 मई को चुनावी जनसभाओं को करेंगे संबोधित



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर बिहार आने वाले हैं। वे समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में 11 मई को कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। समस्तीपुर से सन्नी हजारी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, जो नीतीश सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। वहीं, मुजफ्फरपुर में मौजूदा सांसद एवं बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में आए अजय निषाद के समर्थन में खड़गे रैली करेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद खड़गे का यह दूसरा बिहार दौरा है। इससे पहले उन्होंने किशनगंज और कटिहार में चुनावी रैलियां की थीं। जानकारी के मुताबिक मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में रैली करेंगे। इसके साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का भी बिहार दौरा संभावित है। वे 11 से 13 के बीच चुनाव प्रचार के लिए बिहार आ सकते हैं। समस्तीपुर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को और मुजफ्फरपुर में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। बिहार में कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इनमें भागलपुर, किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सासाराम, पटना साहिब और पश्चिम चंपारण शामिल हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं की जनसभाएं अपने-अपने इलाकों में कराने पर जोर लगा रहे हैं। हालांकि, अन्य राज्यों में व्यस्तता के चलते राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की रैलियां बिहार में नहीं हो पा रही हैं। राहुल गांधी ने बिहार में सिर्फ एक रैली भागलपुर में की थी। वहीं, अब तक प्रियंका गांधी वाड्रा की एक भी रैली राज्य में नहीं हो पाई है।

# दरभंगा एम्स पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को आदेश

## दाखिल करें दूसरी जमीन की रिपोर्ट, 23 जुलाई को अगली सुनवाई




**दरभंगा , एजेंसी।** दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र को छह सप्ताह में दरभंगा एम्स के लिए आवंटित दूसरी जमीन की व्यवहार्यता पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी ने कहा कि बिहार में दूसरे एम्स के निर्माण के लिए आवंटित जमीन की व्यवहार्यता पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने पीठ से कहा कि इस मामले में सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। हालांकि देरी से जवाब दाखिल किए जाने के चलते सरकार का जवाब अदालत के रिकॉर्ड पर नहीं आ सका। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उक्त आदेश जारी किया। केंद्र सरकार से छह सप्ताह के भीतर दरभंगा में एम्स के लिए आवंटित दूसरी जमीन की व्यवहार्यता पर विचार करने और समुचित निर्णय लेकर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। वहीं केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि बिहार के दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान (एम्स) बनाने के लिए आवंटित दूसरी जमीन की व्यवहार्यता पर विचार कर रहे हैं और इसके लिए विशेषज्ञों का दल मौके का मुआयना भी कर रहा है। केंद्र सरकार ये जानकरी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दी। दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनाने की मांग को लेकर याचिका दाखिल करने वाले संगठन की ओर से अधिवक्ता राजीव शंकर द्विवेदी ने पीठ से सरकार को एम्स के लिए सहरसा में आवंटित जमीन की व्यवहार्यता पर विचार करने का भी आदेश देने का आग्रह किया। इसपर पीठ ने कहा कि अभी फिलहाल हम इस बारे में आदेश नहीं दे सकते। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने इस मामले में सुनवाई 23 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। दरअसल, पटना के बाद बिहार में एक और एम्स बनना है। इसके लिए पहले, दरभंगा मेडिकल कॉलेज की जमीन को एम्स के लिए आवंटित कर दिया गया था। लेकिन विशेषज्ञों की टीम ने यह कहकर मना कर दिया कि यहां पहले से भीड़ है। इस बीच 2016 में सहरसा के तत्कालीन जिलाधिकारी ने मतस्यगंधा परियोजना के पास 216 एकड़ जमीन आवंटित कर दी। हालांकि बाद में दरभंगा में ही एम्स के लिए 150 एकड़ जमीन आवंटित किया गया और कहा गया कि बाद में 35 एकड़ जमीन और दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट कोशी विकास संघर्ष मोर्चा, सहरसा की ओर से अधिवक्ता राजीव शंकर द्विवेदी द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में केंद्र सरकार को दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनाने का आदेश देने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि दरभंगा में पहले से ही उच्चस्तरीय मेडिकल कॉलेज होने के साथ ही स्वास्थ्य संसाधन बेहतर है। यदि सहरसा में एम्स बना तो पूरे कोशी क्षेत्र के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फुलवारी शरीफ में ट्रक ने स्कूटी सवार को कुचला, अस्पताल में बुजुर्ग की हुई मौत

**पटना।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में रफ्तार का कहर देखने को मिला है। वाल्मी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंद दिया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया। जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान वृंदावन रोड नंबर-2 निवासी बलदेव पासवान(65) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक बलदेव पासवान कुछ साल पहले लेबर विभाग से रिटायर्ड हुए थे। गुरुवार को एटीएम से पैसा निकालने के बाद स्कूटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी। लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। इस दौरान ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर पुलिस ने शांत कराया। मामले की छानबीन की जा रही है।



### दानापुर में नाबालिग छात्रा से छेड़खानी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

**पटना।** पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। परिजनों के शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिजनों ने बताया कि आरोपी मुन्ना स्कूल और कोचिंग आने जाने के दौरान लड़की के साथ छेड़खानी करता था। बाइक से पीछा करता था। शादी करने के लिए कहता था।समझाने के बाद भी वो नहीं मान रहा था। जिसके बाग थक-हारकर थाने में शिकायत दी है। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि नाबालिग छात्रा से छेड़खानी का मामला सामने आया है। परिजनों ने आवेदन दिया है। पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया जाएगा।



### नीट यूजी पेपर लीक मामले में अब तक 13 गिरफ्तारी

**पटना।** नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में शास्त्रीनगर थाने की पुलिस अब तक 13 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इस पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड नालंदा का रहने वाला संजीव सिंह उर्फ संजीव मुखिया ने इस फर्जीवाड़े का अड्डा पटना मुख्यालय से 15 किलोमीटर और मुख्य सड़क से 2.5 किमी दूर एक दो तल्ले के घर में बनाया था। इस घर के मालिक प्रशांत रंजन दनियावां के रहने वाले है। संजीव के कहने पर ही इस पूरे कांड को करने के लिए शहर से दूर एकांत में इस मकान को बनाया गया था। इस मकान को इस मामले में गिरफ्तार सिकंदर ने किराए पर लिया था। इसी मकान में निचले तल्ले पर बने दो कमरों में 25 छात्रों को प्रश्न और उसका उत्तर रटवाया गया था। यहीं से पुलिस को जले हुए प्रश्नपत्र बरामद हुआ था। संजीव मुखिया के कहने पर रविवार की सुबह इसे जलाने कि कोशिश की गई थी। इस घर को दनियावां के रहने वाले प्रशांत रंजन ने 2014 में बनवाया था। जिसके बाद इस दो तल्ला मकान को पटना के रहने वाले विनय शुक्ला ने किराए पर लिया। विनय ने निचले फ्लोर पर लर्न प्ले स्कूल खोला और दूसरे तल्ले पर लर्न प्ले स्कूल खोला। लेकिन लॉकडाउन के बाद स्कूल और हॉस्टल दोनों बंद हो गया। इसके बाद से ये घर कई साल बंद रहा। बाद में कभी कोई रेंटर आता और कुछ दिन रहता और चला जाता। अभी भी इस घर के दूसरे तल्ले पर एक परिवार रहता है। इस घर में जाने का रास्ता भी अभी नही बन पाया है। घर बिलकुल अलग और शहर से कुछ दूर रहने के चलते ही संजीव मुखिया ने इसे अपना सेंटर बनाया था।



### राजद में शामिल हुए रंजन यादव, कहा- इस बार लालटेन की लहर है

**पटना।** पूर्व सांसद रंजन यादव गुरुवार को आरजेडी में शामिल हुए है। नीतीश कुमार को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा सांसद मनोज झा ने आज आरजेडी कार्यलय में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई है। पार्टी की सदस्यता लेते ही रंजन यादव ने लालू प्रसाद यादव की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद का डिमांड लोकसभा चुनाव में हर राज्यों में होती थी। देश के चार-चार प्रधानमंत्री के साथ लालू प्रसाद यादव ने काम किया है। वे लालू प्रसाद यादव को अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बुलाते थे। वह पाटलिपुत्र से भी सांसद रह चुके हैं। जब उसको लेकर उनसे सवाल किया गया कि इस बार वहां पर कौन जीत रहा है तो उन्होंने कहा कि इस बार लालटेन की लहर है। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के रोड शो पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी एयर शो करें या रोड शो। वे जॉब शो करेंगे। तेजस्वी यादव ने खुद का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार की जनता के बीच जॉब शो करेंगे। दरअसल, पत्रकारों ने तेजस्वी यादव से पीएम मोदी के रोड शो के बारे में सवाल पूछा था। पटना में 12 मई को पीएम मोदी का रोड शो होने वाला है। वे रोड शो के बाद पटना में ही विश्राम भी करेंगे। अगले दिन बिहार में रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद यहां से रवाना होंगे। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर बीजेपी जोर-शोर से तैयारी कर रही है। पीएम मोदी का पटना में यह पहला रोड शो होगा।

### स्टेट बैंक के कर्मी से 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी, पटना हाईकोर्ट में बेटे की नौकरी लगाने का दिया था झांसा

**पटना।** पटना में स्टेट बैंक के कर्मी मुन्ना सिंह से 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एफआईआर के मुताबिक मुन्ना सिंह के परिचित गौरीशंकर राय ने फ्लैट खरीदने के लिए रुपए उधार लिए थे। मुन्ना सिंह ने 10 लाख रुपए कैश और 2 लाख रुपए अकाउंट से ट्रांसफर किया था। दोनों के बीच व्हाट्सएप पर चैटिंग भी हुई थी। गौरीशंकर राय ने ये भी आश्वासन दिया था कि उसकी पहुंच हाईकोर्ट के बड़े बड़े जज से है। बेटे की नौकरी हाईकोर्ट में लगा देगा, लेकिन पैसा लेने के बाद फोन रिसीव करना बंद कर दिया गया। बाद में नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पुलिस के मुताबिक स्टेट बैंक के मैनेजर ने फ्लैट के लिए रुपए दिए थे। आवेदन के आधार पर कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसकी पुष्टि कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार ने की है। केस का आईओ राजीव रंजन सिंह को बनाया गया है। रुपए लेने के बाद से ही आरोपी फरार है। केस दर्ज होने के बाद बुधवार को पुलिस छानबीन के लिए घटनास्थल पर भी पहुंची थी। आईओ के साथ लेन देने वाले लोकेशन पर पीड़ित पक्ष भी पहुंचा था।

### मछली कारोबारी हत्याकांड में नामजद आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**पटना।** दानापुर के शाहपुर पुलिस के मछली कारोबारी चंद्र प्रकाश हत्याकांड में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संजय संजय यादव उर्फ उजगार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। केस के आईओ पीएसआई आशीष कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में चंद्र प्रकाश की हत्या हुई थी। संजय यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। सिकंदरपुर मुसहरी आगजनी मामले में जेल भी जा चुका है। नूरपुर चांदमारी में पिछले साल 17 मार्च 2023 को गला दबाकर चंद्र प्रकाश की हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र विशाल कुमार ने शाहपुर थाना में 6 नामजद समेत अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले में चार नामजद आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

# जिस स्कूल से मैट्रिक किया वहीं से 11वीं करनी होगी

## शिक्षा विभाग के आदेश पर छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी

**कहा- बिल्कुल गलत फैसला है**

एजेंसी, पटना।

बिहार में जिस स्कूल से छात्रों ने मैट्रिक पास किया है, वहीं से 11वीं की पढ़ाई करनी होगी। उसी स्कूल में एडमिशन लेना होगा। शिक्षा विभाग के इस आदेश के बाद छात्रों में नाराजगी है। विभाग की ओर से इस संबंध में सभी स्कूलों को पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है। छात्रों को टीसी देने पर रोक लगा दी गई है।




**छात्रों में नाराजगी:** 9वीं कक्षा की छात्रा ने बताया कि जिस स्कूल में मैं पढ़ती हूं, वहां अच्छी पढ़ाई नहीं होती है। दूसरे स्कूल में एडमिशन के लिए टीसी की जरूरत है, लेकिन नहीं दिया जा रहा है। अभी स्कूल बंद है। खुलने के बाद ही पता चल सकेगा कि पढ़ाई पहले से अच्छा हुआ है या नहीं।

**सरकार का फरमान बिल्कुल गलत है:** वहीं, एक अभिभावक ने बताया कि पहले ऐसा कोई नियम नहीं था। इस बार नया आदेश जारी किया गया है, जो ठीक नहीं है। जिसे जहां पढ़ने का मन होगा, वहां पढ़ाई करेगा। इस पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। सरकार का ये फरमान बिल्कुल गलत है।

**बिहार बोर्ड को भेजा पत्र:** बता दें, माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत 11वीं में नामांकन के लिए ओएफएसएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसी तरीके से आगे कार्य किया जाना है। राज्य के सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की गई है। ताकि विद्यार्थियों को 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। अधिक दूरी तय नहीं करना पड़े। इसके लिए एक लाख के करीब शिक्षकों की भी नियुक्ति की गई है।

# पाटलिपुत्र से रामकृपाल यादव ने किया नामांकन

एजेंसी, पटना।



♦ बोले- आसमान में उड़ने वाले धाराशाही हो जाएंगे, जब तक जिंदा हूं...जनता की सेवा करता रहूंगा

पाटलिपुत्र संसदीय सीट से बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने नामांकन दाखिल किया है। नॉमिनेशन से पहले उन्होंने रोड शो किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों की अच्छी खासी भीड़ जुटी थी। रामकृपाल यादव ने कहा कि सड़क को छोड़कर आसमान में उड़ने वाले धाराशाही हो जाएंगे। जब तक जिंदा हूं, पाटलिपुत्र की जनता की सेवा करता रहूंगा। हमेशा सुख दुख में शामिल रहा हूं, आगे भी रहूंगा। रोड शो को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री मेरे घर आ रहे हैं। एनडीए के कार्यकर्ताओं में पीएम के आगमन को लेकर काफी उत्साह है।

**रोड शो का आयोजन:** रामकृपाल यादव रोड शो करते हुए एसपी वर्मा रोड, फ्रेजर रोड, बिस्कोमान होते हुए कृष्ण मेमोरियल हॉल तक गए। फिर अपने प्रस्तावकों के साथ पटना समाहरणालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

**कृष्ण मेमोरियल हॉल में सभा का आयोजन:** नामांकन के बाद कृष्ण मेमोरियल हॉल में रामकृपाल यादव के समर्थन में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, सीपी ठाकुर, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी शामिल हुए। बिहार लोकसभा चुनाव में पाटलिपुत्र हमेशा से ही हॉट सीट रही है। इस सीट से लालू प्रसाद यादव चुनाव लड़ चुके हैं। नए परिसीमन के बाद 2009 में इस सीट पर पहली बार चुनाव हुआ था, जिसमें जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को हराया था। हार का सामना करने के बाद अगले लोकसभा चुनाव में लालू ने अपनी सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती को चुनावी मैदान में उतारा।

# सैम पित्रोदा के खिलाफ रविशंकर प्रसाद ने खोला मोर्चा

एजेंसी, पटना।



♦ कहा- पूरे भारत को शर्मसार किया, कांग्रेस को कार्रवाई करनी चाहिए

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब से एनडीए उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस ओवरसीज के नेता सैम पित्रोदा पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने कांग्रेस से उन पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा ने भारत को शर्मसार किया है। भारत को लेकर नस्लीय टिप्पणी की गई है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, खड़गे और विपक्षी पार्टियों के तमाम नेता चुप हैं, उन्होंने कुछ नहीं कहा। केवल चुपचाप सैम पित्रोदा का इस्तीफा कांग्रेस ने लिया। सैम पित्रोदा के बयान का इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं का मौन समर्थन है। रविशंकर प्रसाद ने कहा की इस मामले पर राहुल गांधी,तेजस्वी यादव सब चुप है। बस आपने इस्तीफा लिया क्या आपने उनकी निंदा भी की?

रवि शंकर प्रसाद ने आगे कहा कि सैम पित्रोदा राजीव गांधी और राहुल गांधी के सलाहकार हैं। गांधी परिवार के सदस्य भी हैं और जिस तरीके का बयान उन्होंने दिया है उसे पूरा देश शर्मसार है और इसका जवाब कांग्रेस अभी तक क्यों नहीं दे रही है। पिछले 24 घंटे में कांग्रेस और कांग्रेस के नेता आखिर क्यों स्वयं प्रतिरोध के बयान पर चुप्पी सादे हुए हैं यह जवाब उनका देना पड़ेगा। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह भारत के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोगों के बीच रंगभेद के जरिए विवादित रूप से तुलना करते नजर आ रहे हैं।

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का आदेश**

# दाखिल-खारिज आवेदन रिजेक्ट करने से पहले आवदेनकर्ता का पक्ष जानना जरूरी

एजेंसी, पटना।



प्रमंडलीय आयुक्त को लिखा पत्र

राज्य सरकार ने अंचलाधिकारी (सीओ) की मनमानी पर पाबंदी लगाई है। दाखिल-खारिज आवेदन को रिजेक्ट करने से पहले आवेदनकर्ता का पक्ष जानना होगा। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी किया है। सभी प्रमंडलीय आयुक्त और समाहर्ता को पत्र लिखकर कहा गया है।

**आवेदक का पक्ष सुनना जरूरी:** विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा है कि दाखिल-खारिज आवेदनों को रद्द करने से पहले आवेदक के पक्ष की सुनवाई कर लें। आवेदनों की समीक्षा के दौरान यह पता चला है कि आपत्ति के बाद बिना आवेदक का पक्ष सुने सीओ दाखिल-खारिज को अस्वीकृत कर देते हैं। जिसके बाद आवेदक को भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय में अपील करना पड़ता है। जबकि कई बार दस्तावेज छूट जाने के कारण भी आवेदन में आपत्तियां लगाई जा सकती है।

**याचिकाकर्ता को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाए:** अपर मुख्य सचिव दीपक सिंह ने आगे कहा है कि न्याय के दृष्टिकोण से भी यह आवश्यक है कि किसी भी केस को अस्वीकृत करने से पहले संबंधित याचिकाकर्ता को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाए। ऐसे में कमिश्नर और डीएम सभी अंचलाधिकारियों एवं राजस्व पदाधिकारी को निर्देश दें। जिन भी दाखिल-खारिज आवेदन में कर्मचारी या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आपत्ति के आधार पर अस्वीकृत कि स्थिति बनने पर पहले याचिकाकर्ता को नोटिस देते हुए आपत्ति से अवगत कराएं। साथ ही उन्हें अपना पक्ष और साक्ष्य प्रस्तुत करने अवसर प्रदान करें।

**सुनवाई के बाद ही कोई आदेश दें:** अस्वीकृति का आदेश आवेदक को बिना सूचित और बिना सुनवाई के नहीं दें। साथ ही आदेश में इस सुनवाई के दौरान आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए कागजात एवं साक्ष्य को दर्ज करें। उन्होंने आगे कहा है कि इसके बाद ही अगर रिजेक्ट करना हो तब करें। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि सभी जिलाधिकारी और प्रमंडलीय आयुक्त इसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अंचलों की समीक्षा में 7 खारिज अभिलेख की इस दृष्टिकोण से समीक्षा करें।

# बारिश के चलते उजियारपुर में फंसा चिराग पासवान का हेलिकॉप्टर, पटना समेत 12 जिलों में बारिश

एजेंसी, पटना।

बिहार के 12 से ज्यादा जिलों में गुरुवार को बारिश हुई। उजियारपुर में बारिश के चलते चिराग पासवान का हेलिकॉप्टर फंस गया। हालांकि थोड़ी देर बाद वो पटना के लिए रवाना हुए। कुछ देर उन्हें इंतजार करना पड़ा। इधर, आकाशीय बिजली के चलते वैशाली, बेगूसराय, मोतिहारी और भागलपुर में 5 लोगों की मौत हुई है। भीषण गर्मी और हीट वेव के बाद पिछले दो दिनों से बिहार का मौसम बदला हुआ है। गुरुवार को बेतिया, बेगूसराय, सीतामढ़ी, मुंगेर, छपरा, लखीसराय, आरा, शेखपुरा, गया और समस्तीपुर में बारिश हुई है। मधेपुरा में भी बूंदाबादी देखने को मिली है। दोपहर तक पटना में भी बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के 19 जिलों में बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें कटिहार, पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली,समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी शामिल हैं।



**13 मई तक फिलहाल गर्मी से राहत:** मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त पुरवा हवा का प्रवेश बिहार में उत्तर-पूर्वी भाग से हुआ। इसका प्रभाव 13 मई तक रहेगा। जिसके कारण से लोगो को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। वैशाली के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 1 में ठनका गिरने से एक व्यक्ति और एक भैंस की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के स्वजन का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक स्थानीय स्वर्गीय ढहतू राम के 50 वर्षीय पुत्र अकलू राम थे।

**बेगूसराय में आकाशीय बिजली से मजदूर की मौत:** बेगूसराय में आज तेज बारिश के दौरान वज्रपात से एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि पति, पत्नी, बेटी सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना मंझौल थाना क्षेत्र के मंझौल पंचायत-तीन स्थित उसराहा बहियार की है। मृतक महिला की पहचान जमुई जिले के भुल्लो गांव निवासी कारू मांझी की पत्नी पिंकी देवी (25) के रूप में हुई है।

# दानापुर दियारा इलाके में डायरिया का प्रकोप

एजेंसी, पटना।



♦ दादी-पोती की हुई मौत, कई लोग हैं बीमार

पटना के दानापुर दियारा के अकीलपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर गांव के लोगों में भय व्याप्त है। दियारा क्षेत्र के बंगलापर बभन गांव में रहने वाले कई लोग इसकी चपेट में है। वहीं, डायरिया की चपेट में आने से दादी-पोती की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान स्वर्गीय चनर राय की 70 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी और पवन राय के 4 वर्षीय पुत्री प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। जबकि मृतक प्रीति के पिता भी डायरिया रोग से ग्रसित है। डायरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सोनपुर एसडीओ, डीएसपी, चिकित्सा पदाधिकारी के साथ ही अन्य अपाधिकारीगणों ने गांव का दौरा कर इसका जायजा लिया है। गांव में शिविर लगाकर चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा डायरिया से ग्रसित लोगों का उपचार किया जा रहा है। डायरिया से गंभीर रूप ग्रसित को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। गांव निवासी मृतका लक्ष्मी देवी के पुत्र अशोक राय ने बताया की कुछ दिन पहले वह भी डायरिया से ग्राषित हो गए थे। इस बीच उनकी मां की डायरिया से मौत हो गई।

**गोपालपुर के सीमेंट कारोबारी हत्याकांड का खुलासा**

# एक अपराधी गिरफ्तार, मुख्य शूटर फरार, बदले की भावना से गोलियों से भून डाला था

एजेंसी, पटना।

पटना पुलिस ने गोपालपुर के सीमेंट कारोबारी आलोक कुमार हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। बदले की भावना से वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में एक एक अपराधी उज्जवल कुमार(23) को गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य शूटर तन्नु उर्फ राहुल कुमार अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सदर डीएसपी-2 सत्यकाम ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतक आलोक कुमार और तन्नु कुमार के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था। पुनपुन थाना में मारपीट का भी मामला दर्ज कराया गया था। जल्द ही मुख्य शूटर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



**क्या है पूरा मामला:** मराची निवासी आलोक कुमार अपने बहनोई के साथ सीमेंट और लोहे का व्यापार करते थे। सोमवार को नाश्ता करने के बाद वो दुकान पर पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने गोलियों से भून डाला था। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। आनन-फानन में इलाज के लिए पटना के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना का बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जामकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया था। जिसके बाद जांच के लिए पुलिस ने एक टीम का गठन किया था।

# गिरिराज बोले-हिंदुओं की आबादी घट रही, इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश

एजेंसी, बेगूसराय।

बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति के तहत पहले लव जिहाद और लैंड जिहाद किया गया। अब वोट जिहाद हो रहा है। बेगूसराय में गिरिराज सिंह ने कहा कि हिंदुओं की आबादी घट रही है और मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ रही जो कि देश क लिए खतरनाक है। गिरिराज सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं। गिरिराज सिंह के बयान पर वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि अगर हिंदुओं की संख्या कम हो रही है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों को जनसंख्या बढ़ानी चाहिए। किसने रोका है। इसमें हम क्या कर सकते हैं। मैं तो हम दो हमारे दो के सिद्धांत पर चलता हूं। छोटा परिवार सुखी परिवार होता है। बीजेपी मुद्दों पर बात नहीं करती है। गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में लव जिहाद किया गया, लड़कियों को लव जिहाद में फंसाया गया। लैंड जिहाद किया गया, कांग्रेस ने 1947 के बाद जो हिंदुओं को जमीन सौंपनी चाहिए, वह मुसलमान को सौंप दिए गए। राहुल- सानिया गांधी पर निशाना साधते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि मां- बेटे मिलकर भारत को खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की तैयारी चल रही है।



**सनातन को खत्म करने की साजिश है:** उन्होंने आगे कहा कि यह भारत में एक तरह से सनातन को खत्म करने की साजिश है। मुसलमान की बढ़ती और हिंदुओं का गिरती हुई जनसंख्या चिंता का विषय है। अगर इस पर रोक नहीं लगी और जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो आने वाले दिन में भारत के लिए समस्या पैदा होगी। प्रधानमंत्री सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में मुसलमान की आबादी बढ़ने की रिपोर्ट आने पर गिरिराज सिंह बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश को भ्रमित करना चाहते हैं, लेकिन सच्चाई कभी छुप नहीं सकती है। गिरिराज ने कहा कि देश में 1947 में हमारी आबादी लगभग 88 प्रतिशत थी, आज हमारी आबादी घटकर 70 प्रतिशत पर आ गई है। उस समय मुसलमान 8 प्रतिशत थे, आज सरकारी आंकड़े के अनुसार 14-15 प्रतिशत हो गए हैं, लेकिन मेरा मानना है कि मुसलमानों की आबादी 20 प्रतिशत हो गई है। कांग्रेस ने बिहार सहित पूरे देश को धर्मशाला बना दिया है। 1971 में जब बांग्लादेश से घुसपैठिए आए तो उस समय कांग्रेस ने एक तरह से चारागाह बना दिया।

# 47 वी एस एस बी के द्वारा पशु एवं मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन

चाणक्यभूमि मैनाटांड़



मैनाटांड़ प्रखंड के इनरवा में /47वी वाहिनी एसएसबी रक्सौल (बिहार) के द्वारा किया गया मानव चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन ।वाहिनी द्वारा गुरुवार को ग्राम पंचायत इनरवा के अन्तर्गत ग्राम खम्हिया पश्चिमी चम्पारण के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खम्हिया में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । चिकित्सा शिविरों के दौरान डॉ० गुरविंदर जीत सिंह (कमांडेंट) वेटी, बेतिया, डॉ० अवधेश पशु चिकित्सा विभाग मैनाटेंड,डॉ० एम. जे. सिराज (ए० सी० एम० ओ०), डा० प्रतीक रंजन (जी० डी० एम० ओ०) 47वीं वाहिनी, एसएसबी रक्सौल के द्वारा ग्रामीणों एवं ग्रामिणों के पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया एवं ग्रामीणों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया साथ ही पशुओं को पी पी आर के टीके लगाए गए तथा एफ समवाय प्रभारी भूषण चन्द रॉय सहायक कमांडेंट 47वीं वाहिनी की उपस्थिति में ग्रामीणों के मध्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुखिया इनरवा रामदेव भगत , उप मुखिया आनंद मिश्रा, निरीक्षक सर्वेश कुमार, मिडिया कर्मी,अन्य कार्मिक और ग्रामीण आदि उपस्थित रहे ।

# महिला मोर्चा की नेत्री सीमा माधोगढिया ने मोदी के लिये वोट माँगा



चाणक्य भूमि

आओ विकास की आवाज़ बुलंद करते हैं चुनाव चिन्ह कमल को जिताते हैं इसी नारे के साथ भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री सीमा माधोगढिया ने लाल बाजार में क्षेत्र भ्रमण कर संजय जायसवाल के लिये वोट माँगा। अपने क्षेत्र मे भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से मिलकर बातचीत कर आने वाले चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार को लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के लिये मोदी जरूरी है इसीलिए हमे बेतिया लोकसभा चुनाव में संजय जायसवाल को जीताना होगा ।इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के द्वारा आम लोगों के हित मे किये गये विकास कार्यो की चर्चा की।






# मुख्य पथ की बदहाली को लेकर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

चाणक्यभूमि बैरिया

- मामला जिला मुख्यालय से बैरिया को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का है आगामी लोक सभा चुनाव में जनता देगी जबाव

बैरिया प्रखंड क्षेत्र में सड़क पर जल जमाव को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश देखा गया। सड़क पर लगी पानी विकास के तमाम दावे की पोल खोलती हुए नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी रास्ते से बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि आते हैं और जाते हैं लेकिन इन लोगों को समस्या दिखाई नहीं देती। इस सड़क पर कई लोग गिरकर चोटिल भी हो गए। यह सड़क दर्जनों गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ती है बीते कई वर्षों से जर्जर सड़क की समस्या से यहां के लोक जुझ रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तमाम विकास के दावे करने वाले नेताओं की पोल खोलती हुई यह तस्वीर बैरिया प्रखंड क्षेत्र से सामने आ रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर जनता ने इस बार जनप्रतिनिधियों से हिसाब मांगने का फैसला लिया। लोगों ने कहा कि आपकी बार लोकसभा चुनाव में जनता मुहतोड जवाब देगी। लोगों ने बैरिया बेतिया मुख्य मार्ग में मथौली वह तुमकडिया के समीप प्रदर्शन भी किया। मौके पर मुस्लीम गद्दी, सुरेश महतो, ध्रुप महतो, रामेशवर पडित संजय निशाद,अनुप पडित, इंद्रीश आलम, हरिनारायण साह,सतन पंडित,कलाम गद्दी, रामबाबु महतो,भागीरथ महतो,प्रमोद महतो ,बीरेन्द्र पटेल इत्यादी मौजूद रहे।

# वाहन जांच में दिल्ली से चुरायी गयी कार के साथ एक गिरफ्तार



चाण्क्य भूमि(मैनाटांड़)

**मैनाटाड़**। पुलिस ने दिल्ली से चुरायी गयी कार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम को रमपुरवा नहर चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था।उसी दरम्यान एक कार को रोक कर कागजात की मांग की गयी।कागजात नहीं दिखाने पर उसे थाना लाया गया।चालक सहित कार को थाना लाकर वृहत स्तर पर जांच की गयी तो क्लीयर हुआ कि जब्त दिल्ली नंबर की कार चोरी की है।तुरंत कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया ।चोरी की कार के साथ धराया व्यक्ति सिकटा के बेहरा निवासी दिलशाद आलम है।जिसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार चलता रहेगा।

# बीडीओ व सीओ की उदासीनता से मझौलिया प्रखण्डमें पेयजल की व्यवस्था नहीं



चाण्क्य भूमि मझौलिया

अंचल व प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है।नतीजतन लोगों को पीने के पानी के लिए मवेसी अस्पताल परिसर स्थित एक मात्र चापाकल पर पानी पीने जाना पड़ता है।जबकि पानी टंकी और ब्लॉक की दूरी काफी करीब है।अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से ब्लॉक अंचलमें आये गरीब जनता को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है।अमीर जादे लोग तो बोतल का पानी और ठंडा खरीद कर पीते है परंतु मिडिल क्लास लोगों को बड़ी परेशानी होती है।तत्कालीन प्रमुख सुनयना देवी के फंड से एक चापाकल अंचल परिसर के निकट गाड़ा गया परन्तु उसमें पानी नही आता। समाजसेवी अमरेश कुमार शर्मा ने अंचल प्रशासन से पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है ।












# मोदी का मतलब ही विकास है, जनता मोदी के साथ है-संजय जायसवाल

चाणक्यभूमि बेतिया



आज अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए लोगों से मुलाकात की तथा जीत का आशीर्वाद माँगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में हुए विकास के ऐतिहासिक कार्यों को देखने के बाद चंपारण की जनता यह जान चुकी है कि मोदी का मतलब ही विकास है, इसीलिए चंपारण की जनता पूरी तरह से प्रधानमन्त्री मोदी के साथ है. इस लोकसभा चुनाव में चंपारण ही नहीं बिहार की समस्त सीटों पर एनडीए जीतने वाला है।उन्होंने कहा कि चाहे वह मुद्रा योजना हो या प्रधानमन्त्री आवास या फिर निशुल्क अनाज की योजना बिहार समेत पूरे चंपारण में जरुरतमंदों को इसका काफी लाभ मिला है। मोदी सरकार में ही प्. चम्पारण में कई राज्यमार्गों का निर्माण हुआ है। कई बाईपास बने हैं, पथों का दोहरीकरण तथा ओवरब्रिजों का निर्माण हुआ है। आज चंपारण के लगभग सभी गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शौचालय आदि का जाल बिछ चुका है। दरअसल मोदी सरकार ने चंपारण के पुराने गौरव को फिर से बहाल करने का काम किया है।कांग्रेस पर बरसते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता से बेदखल होने के बाद विपक्षी दल पहले ही मानसिक दिवालियापन का शिकार हो चुके थे और अब इस चुनाव में भी हार स्पष्ट देख वह पूरी तरह से बौखला चुके हैं। इनके पास मुद्दों का इतना अकाल है कि यह लोग झूठ की राजनीति पर उतर आये हैं।हाल यह है कि अब यह लोकल जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं किये गये कामों का ठीकरा भी केंद्र सरकार पर फोड़ने लगे हैं। यह लोग जान लें कि चंपारण की जनता उनके खेल को जानती है।उनका कोई दुष्प्रचार यहां काम नहीं आने वाला है।

# एसएसबी एवं नेपाल एपीएफ के जवानों ने की संयुक्त गश्ती



चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

- लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए की गई पेट्रोलिंग

इंडो नेपाल बॉर्डर पर गुरुवार की सुबह एसएसबी और नेपाल एपीएफ की एक संयुक्त पेट्रोलिंग टीम ने गंडक बराज पुल के खुले सीमा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल संपन्न कराने एवं बॉर्डर से होने वाले तस्करी, मानव तस्करी के साथ अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए ज्वाइंट पेट्रोलिंग किया। पेट्रोलिंग के समय आने जाने वाले सभी वाहनों, और लोगों का गहनता से जांच किया गया। पेट्रोलिंग टीम में एसएसबी की तरफ से पार्टी कमांडर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मंडल, एएसआई अंग्रेज सिंह और स्वान दस्ता के साथ 10 अन्य जवान शामिल रहे। वही एपीएफ टीम का नेतृत्व पार्टी कमांडर इंस्पेक्टर विवेक लामिछाने कर रहे थे, जिनके साथ अन्य 10 अन्य जवान शामिल थे।इस बाबत कंपनी कमांडर प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि एसएसबी और एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग टीम द्वारा समय समय पर सीमा सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों पर रोकथाम लगाने के लिए पेट्रोलिंग होती रहती है। आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव भी है। जिसको लेकर सतर्कता बरती जा रही है।इससे दोनो देशों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है और एक दुसरे से सूचना का आदान प्रदान भी होता रहता है।

## डीएफओ के निर्देश पर नरदेवी मंदिर परिसर में अतिक्रमण हटाया गया


चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वीटीआर के सघन वन क्षेत्र में अवस्थित प्राचीन नरदेवी मंदिर परिसर के बाहर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।वन विभाग की टीम अभियान चलाकर स्थानीय दुकानदारों के द्वारा हाल में किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। वहां स्थानीय कुछ दुकानदारों के द्वारा मंदिर परिसर के बाहर अवैध तौर पर अतिक्रमण करने की बात सामने आई थी। डीएफओ के आदेश के बाद अवैध निर्माण को हटाने के लिए वन विभाग के कर्मियों के द्वारा कार्रवाई की गई।डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम अभियान चलाकर स्थानीय दुकानदारों के द्वारा किए गए नए अतिक्रमण को हटाया गया। स्थानीय दुकानदारों के द्वारा परिसर के बाहर दुकान लगाकर अतिक्रमण किए जाने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में काफी परेशानी हो रही थी। इसलिए अतिक्रमण हटावाया गया। वन विभाग की भूमि पर विभाग ने अवैध कब्जों को हटाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस बाबत वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि नरदेवी मंदिर परिसर के बाहर वन विभाग की भूमि पर स्थानीय लोगों ने कब्जा कर लगभग आधा दर्जन अस्थाई दुकान बना डाले थे, जिस पर विभाग ने यह बड़ी करवाई की है ।









# साइबर ठगी कर खाते से एक लाख चालीस हजार रुपये उड़ाये,केस दर्ज

चाणक्यभूमि

**मैनाटाड़**।पुरूषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के मधुरी निवासी सतीश राम से साइबर ठग ने उनके खाते से दो बार में एक लाख चालीस हजार रूपये उड़ा लिये है। मामले को ले पुरूषोत्तमपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मोबाइल धारक पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा दर्ज केस में सतीश राम ने बताया है कि एसबीआई बैंक में मेरा सेविंग एकाउंट है।मेरे खाते में पूर्व से 67,800 रूपये था। मैंने एलएन्टी फाइनेंस से विगत सात मई को एक लाख एक हजार एक सौ तीस रुपया पचहतर पैसा टॉपअप लोन लिया। उसके आधा घंटा बाद एलएन्टी० फाइनेंस से मोबाईल न० 7003480265 से मेर मोबाईल न० 9162220256 पर कॉल आया। कॉल रिसिव करने पर बोला गया कि आपके नाम पर ऑटो डेविट बाकी है। जिसके रिकॉर्डिंग कॉल किया गया है आपको ऑटो डेविट करना होगा। फिर 9051965317 से कॉल आया वो मुझसे मोबाइल का सेटिंग ओपेन करने के लिए बोला। ओपेन किया तो मेरे मोबाइल पर ऑटो डेविटका ऑपसन आया । वो ऑटो डेविट का ऑपसन मेरे मोबाइल से नहीं हट रहा था तो मैंने मोबाइल को बंद कर किया। उसके बाद मोबाइल ओपेन करने पर देखा की मेरे खाता में से समय करीब 12:03 बजे दिन में 50,000 हजार और 90,000 दो बार में पैसा कट गया है। तब मैंने एलनटी फाइनेंस,थाना और बैंक को सूचित किया।

# जिले के औषधि निरीक्षकों का वेतन रोका गया

चाणक्यभूमि बेतिया

बेतिया शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में अवैध दवा दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने वाले दो औषधि निरीक्षकों की मुश्किलें बढ़ाते हुये सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दूबे ने दोनों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए अगले आदेश तक उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है। जिन औषधि निरीक्षकों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है, उसमें सतीश कुमार एवं नागेंद्र कुमार शामिल हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि पूर्व में दोनों औषधि निरीक्षकों को बार-बार निर्देश देने के बावजूद भी उन लोगों ने अभी तक शहर के चेक पोस्ट, मीना बाजार सेंटर, समाहरणालय चौक, बैरिया प्रखंड के संत घाट में अवैध रूप से चल रहा दवा दुकानों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। यह दोनों के लापरवाही एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश का अवहेलना का द्योतक है। सिविल सर्जन ने कहा कि इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि दोनों औषधि निरीक्षकों द्वारा अवैध दवा दुकानों से अवैध वसूली करने उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी स्थिति में दोनों को 48 घंटे के अंदर उक्त स्थानों पर संचालित दवा दुकानों पर उचित कार्रवाई करते हुए सुस्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया है। दवा दुकानदारों पर उचित कार्रवाई होने तक दोनों औषधि निरीक्षकों के वेतन भुगतान पर अगले आदेश तक सीएस ने रोक लगा दी है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714